**NEWS CLIPPING:06.12.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC Bose Uni-versity to prepare a comprehensive plan for R&D initiatives

**Nidhi Priya**
info@impressivetimes.com

**FARIDABAD :** J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has been working on preparing a comprehensive plan to support its Research and Development initiatives focusing on sustainable technology. Also, the University has given special thrust on effective implementation of the key provision of National Education Policy-2020. This was informed in the 2nd meeting of the Planning Board held here in the chairmanship of Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar. Eminent members of the board, including officials from the government and various academic institutions, attended the meeting. The University Planning Board plays a crucial role in advising on the planning and development of the university, particularly in terms of education and research standards. It reviews and assesses various university policies from stakeholders' perspectives and provides recommendations for implementation. The meeting highlighted that J.C. Bose University aims to become a Research Intensive University and has already taken steps in this direction. The university's future plans align with this objective. Prof. Sat Prakash Bansal, Vice-Chancellor of Central University of Himachal Pradesh, and a member of the Board, suggested the university focus on implementing the provisions of the multi-entry-exit system and promote interdisciplinary approaches. He also emphasized the importance of introducing more Value Added Courses and Dual/Twin Degree Programs. Likewise, Prof. B. V. Ramana Reddy, Director of NIT-Kurukshetra, commended the university's recent achievements and encouraged it to become a Nodal Centre of Haryana State for implementing NEP-2020. He also proposed the introduction of more Minor Degree Programs and the development of a Centralized Education Policy. Prof. Vivek Kumar from the Centre for Rural Development and Technology, IIT Delhi, suggested organizing an Industrial Conclave to invite industries and explore funding opportunities for developing central facilities. He also recommended starting courses on sustainable technology, with a particular focus on Electrical Vehicle technology. Prof. S.S. Patnaik, Director of NITTTR, Chandigarh, emphasized the importance of international collaboration for research activities and attracting foreign students, especially from SAARC countries. Prof. Rajendra Kumar Anayath, former Vice-Chancellor of DCRUST, Murthal, and Dr. Shimla, former Registrar of JC Bose University, also shared valuable suggestions regarding the university's development plans.



**NEWS CLIPPING:06.12.2023**

# TEHELKA JAZBA

# जेसी बोस विश्वविद्यालय अनुसंधान एवं विकास को लेकर विस्तृत योजना तैयार करेगा

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रभावी क्रियान्वयन प्राथमिकता में होगा

**तहलका जज्बा / दीपा राणा**

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद, सतत प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने अनुसंधान और विकास को लेकर एक विस्तृत योजना तैयार करने पर काम कर रहा है। साथ ही, विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रमुख प्रावधान के प्रभावी कार्यान्वयन पर विशेष बल दिया है।

यह जानकारी कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर की अध्यक्षता में यहां आयोजित योजना बोर्ड की दूसरी बैठक में दी गई। बैठक में राज्य सरकार और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारियों सहित बोर्ड के प्रतिष्ठित सदस्यों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय योजना बोर्ड विश्वविद्यालय की योजना और विकास, विशेषकर शिक्षा और अनुसंधान मानकों के संदर्भ में परामर्श देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह विश्वविद्यालय नीतियों की समीक्षा और मूल्यांकन करता है और कार्यान्वयन के लिए सिफारिशें प्रदान करता है।

बैठक में बताया गया कि जे.सी.



बोस विश्वविद्यालय का लक्ष्य एक शोध विश्वविद्यालय के रूप में विकसित होने का है तथा विश्वविद्यालय ने इस दिशा में कदम भी उठाए हैं। विश्वविद्यालय की भावी योजनाएँ इसी उद्देश्य के अनुरूप हैं। बैठक में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति और बोर्ड के सदस्य प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल ने विश्वविद्यालय को बहु-प्रवेश-निकास प्रणाली के प्रावधानों को लागू करने और अंतःविषय दृष्टिकोण को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम और डुअल/ट्विन डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के महत्व पर भी बल दिया।

इसी तरह, एनआईटी-कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो. बी. वी. रमण रेड्डी ने विश्वविद्यालय की हालिया उपलब्धियों की सराहना की और विश्वविद्यालय को एनईपी-2020 को लागू करने के लिए हरियाणा राज्य का एक नोडल केंद्र बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ज्यादा संख्या में माइनर डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करने और एक केंद्रीकृत शिक्षा नीति के विकास का भी प्रस्ताव रखा।

सेंटर फॉर रूरल डेवलपमेंट एंड टेक्नोलॉजी, आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर विवेक कुमार ने विश्वविद्यालय को उद्योगों को आमंत्रित करने और केंद्रीय सुविधाओं के विकास के लिए वित्त पोषण के अवसरों का पता लगाने के लिए एक औद्योगिक कॉन्क्लेव आयोजित करने का सुझाव दिया। उन्होंने इलेक्ट्रिकल वाहन प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान देने के साथ सतत प्रौद्योगिकी पर पाठ्यक्रम शुरू करने की भी सिफारिश की।

एनआईटीटीटीआर, चंडीगढ़ के निदेशक प्रो. एस.एस. पटनायक ने अनुसंधान गतिविधियों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और विशेष रूप से सार्क देशों से विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के महत्व पर बल दिया। डीसीआरयूएसटी, मुरथल के पूर्व कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र कुमार अनायथ और जेसी बोस विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. शिमला ने भी विश्वविद्यालय की विकास योजनाओं के संबंध में उपयोगी सुझाव साझा किए।

बैठक के दौरान विभिन्न संकायों और विभागों के डीन और अध्यक्षों ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों को प्रस्तुत किया। सत्र का समापन कुलपति और विश्वविद्यालय योजना बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर धन्यवाद ज्ञापन से हुआ, जिसमें उन्होंने सभी सदस्यों के सुझावों के लिए आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि उनके सुझाव विश्वविद्यालय की भावी शैक्षणिक और अनुसंधान विकास योजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

**NEWS CLIPPING:06.12.2023**

# AAJ SAMAJ

## जेसी बोस विश्वविद्यालय अनुसंधान एवं विकास को लेकर विस्तृत योजना तैयार करेगा

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रभावी क्रियान्वयन प्राथमिकता में होगा
- माइनर डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करने और एक केंद्रीकृत शिक्षा नीति के विकास का भी प्रस्ताव रखा

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाई एम सीए, फरीदाबाद, सतत प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने अनुसंधान और विकास को लेकर एक विस्तृत योजना तैयार करने पर काम कर रहा है। साथ ही, विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रमुख प्रावधान के प्रभावी कार्यान्वयन पर विशेष बल दिया है। यह जानकारी कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर की अध्यक्षता में यहां आयोजित योजना बोर्ड की दूसरी बैठक में दी गई। इसी तरह, एनआईटी-कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो. बीवी रमण रेड्डी ने विश्वविद्यालय की हालिया उपलब्धियों की सराहना की और विश्वविद्यालय को एनईपी-2020 को लागू करने के लिए हरियाणा राज्य का एक नोडल केंद्र बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ज्यादा संख्या में माइनर डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करने और एक केंद्रीकृत शिक्षा नीति के विकास का भी प्रस्ताव रखा।

एनआईटीटीटीआर, चंडीगढ़ के निदेशक प्रो. एस.एस. पटनायक ने अनुसंधान गतिविधियों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और विशेष रूप से सार्क देशों से विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के महत्व पर बल दिया। डीसीआरयूएसटी, मुरथल के पूर्व कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र कुमार अनायथ और जेसी बोस विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. शिमला ने भी विश्वविद्यालय की विकास योजनाओं के संबंध में उपयोगी सुझाव साझा किए।

**NEWS CLIPPING:06.12.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## JC बोस यूनिवर्सिटी रिसर्च पर करेगी फोकस

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी यूनिवर्सिटी रिसर्च व विकास को लेकर एक विस्तृत योजना तैयार करने पर काम कर रहा है। यह जानकारी कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर की अध्यक्षता में यहां आयोजित योजना बोर्ड की दूसरी बैठक में दी गई। बैठक में राज्य सरकार और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारियों सहित बोर्ड के प्रतिष्ठित सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय यूनिवर्सिटी के कुलपति और बोर्ड के सदस्य प्रफेसर सत प्रकाश बंसल ने यूनिवर्सिटी को बहु-प्रवेश-निकास प्रणाली के प्रावधानों को लागू करने का सुझाव दिया। एनआईटी-कुरुक्षेत्र के निदेशक बीवी रमण रेड्डी ने यूनिवर्सिटी की हालिया उपलब्धियों की सराहना की और यूनिवर्सिटी को एनईपी-2020 को लागू करने के लिए हरियाणा राज्य का एक नोडल केंद्र बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:06.12.2023**

## AMAR UJALA

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी तरीके से करेंगे लागू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि में अनुसंधान और विकास को लेकर योजना बोर्ड की दूसरी बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को प्रभावी तरीके से लागू करने पर चर्चा की। अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने की।

राज्य सरकार और शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारियों सहित बोर्ड के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसमें योजना विकास, विशेषकर शिक्षा और अनुसंधान मानकों पर चर्चा की गई। शोध को विकसित करने पर चर्चा की गई। इसके लिए प्रयास भी किया जा रहा है। हिमाचल केंद्रीय विवि के कुलपति और बोर्ड के सदस्य प्रो. सतप्रकाश बंसल ने कहा कि बहु-प्रवेश-निकास प्रणाली के प्रावधानों को लागू किया जा सकता है। एनआईटी-कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो. बीवी रमण रेड्डी ने राज्य का एक नोडल केंद्र बनने के लिए प्रोत्साहित किया। संवाद